मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-327
20/09/2019

# मुख्यमंत्री ने नदियों के जलस्तर में हुयी वृद्धि के मद्देनजर किया हवाई सर्वेक्षण

पटना, 20 सितम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने नदियों के जलस्तर में हुयी वृद्धि के पश्चात आज प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। मुख्यमंत्री हवाई सर्वे हेतु सर्वप्रथम पटना से आरा होते हुये बक्सर पहुँचे और वहाँ उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने पटना से बख्तियारपुर होते हुये मोकामा के टाल क्षेत्र में हवाई सर्वेक्षण किया और वहाँ गंगा के जलस्तर में हुयी वृद्धि एवं इससे उपजे हालात का सूक्ष्मता से मुआयना किया। तत्पश्चात हवाई सर्वेक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री मुँगेर होते हुये भागलपुर तथा विक्रमशिला सेतु तक पहुँचे और उसके आसपास के क्षेत्रों का हवाई सर्वे किया। मुख्यमंत्री ने भागलपुर से पटना लौटने के क्रम में बेगूसराय, समस्तीपुर एवं वैशाली में भी गंगा एवं गंडक नदियों के जलस्तर में हुयी वृद्धि का भी हवाई सर्वेक्षण किया एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने प्रधान सचिव आपदा प्रबंधन विभाग को आपदा से संबंधित सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण रखने एवं स्थिति पर सतत् निगरानी रखने के निर्देश दिये।

हवाई सर्वेक्षण के दौरान मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत, सचिव जल संसाधन श्री संजीव कुमार हंस उपस्थित थे।

******